दिनांक 18.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

निगम भिलाई का अतिक्रमण हटाओं अभियान जारी

भिलाईनगर/ जिलाधीश उमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन के अनुसार आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर भिलाई क्षेत्र के सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है, सड़क पर अकारण जाम लग जाता है। निगम भिलाई का अमला आज संतोषी पारा वार्ड 25 सम्पवेल पर हुए अवैध कब्जे को तोड़ा, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट गली में मोहल्लेवासी द्वारा लोहे का गेट बनाकर सड़क बाधा उत्पन्न किया गया था दोनों लोहे के गेट को तोड़कर हटाया गया।

सी.एस.पी. (पुलिस ऑफिस) पावर नंदनी रोड में कपड़ा व्यापारी द्वारा पक्का दीवाल बनाकर अवैध रुप से दुकान खोला गया था उसे पुरी तरह से तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया।

कार्यवाही के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन बी.आर. बोरकर, श्री धुर्वे, श्री यादव, अपने दल के साथ उपस्थित रहे। निगम के तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चन्द्राकर, निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त के0एल0 चौहान ने लोगों से अपील की है कि रोड नाली के उपर किये गये अवैध अतिक्रमण को स्वयं हटा लेवें निगम का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी